भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 138
उत्तर देने की तारीख : 29.11.2021

अल्पसंख्यकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर व्यय

138. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्त वर्ष 2021–22 के लिए मंत्रालय के तहत दी जा रही छात्रवृत्ति, कौशल प्रशिक्षण, आदि सहित मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ख) कुल बजट अनुमान (बीई) 2021–22 की कितने प्रतिशत धनराशि योजना–वार खर्च की गई;

(ग) क्या मंत्रालय के अंतर्गत कल्याणकारी योजनाओं पर सहमति बनने की प्रवृत्ति रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क) और (घ): चालू वर्ष 2021–22 के लिए व्यय जारी है और वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए योजना के उद्देश्य को पूरा करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत योजनावार आवंटित, जारी की गई निधि और उसका प्रतिशत अनुबंध में दिया गया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। मंत्रालय का बजट 2013–14 में 3130.84 करोड़ रु. से बढ़ाकर 2021–22 में 4810.77 करोड़ रु. कर दिया गया है क्योंकि योजनाएं बहुत लोकप्रिय हो गई हैं।

******

बजट अनुमान (बीई), वास्तविक व्यय और वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए दिनांक 25.11.2021 तक के बजट अनुमानों के संबंध में वास्तविक व्यय का प्रतिशत दिखाते हुए 29.11.2021 को उत्तर के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 138 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**योजना का नाम**	**बजट अनुमान 2021–22**	**कुल व्यय एवं बजट अनुमान का %**
रोजगारोन्मुखी कौशल विकास योजनाएं			
1	सीखो और कमाओ	418	233.6 55.90%
2	उस्ताद (विकास के लिए परम्परागत कलाओं/शिल्पों में कौशल का उन्नयन और प्रशिक्षण)		
3	नई मंजिल		
4	नई रोशनी		
***शैक्षणिक सशक्तीकरण योजनाएं**			
5	मैट्रिक–पूर्व छात्रवृत्ति योजना	2471	261.38 10.58%
6	मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना		
7	मेरिट–सह–साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना		
8	मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति योजना		
9	नया सवेरा – निःशुल्क कोचिंग एवं संबद्ध योजना		
10	पढ़ो परदेश		
11	नई उड़ान		
12	बेगम हजरत महल		
आधारभूत संरचना विकास योजना			
13	प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके)	1390	508.86 36.61%

*छात्रवृत्ति राशि का भुगतान संबंधित राज्य सरकारों द्वारा सत्यापन और योग्यता सूची के जारी होने पर निर्भर करता है और भुगतान की प्रक्रिया आम तौर पर वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही के दौरान शुरू होती है।

उपर्युक्त योजनाओं के अलावा "मदरसों और अल्पसंख्यकों के लिए शिक्षा योजना" को हाल ही में वर्ष 2021–22 से शिक्षा मंत्रालय से अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में स्थानांतरित किया गया है जिसके लिए 174.00 करोड़ रु. की राशि आवंटित की गई है।